Date :- 05-05-2024
Dainik Bhaskar, Page-02, Surat

भास्कर एक्सक्लूसिव खजोद डिपो में स्ट्रैब्लिंग-पिट लाइन, वर्कशॉप व शेड भी बनाए जा रहे

पहला मेट्रो रेक दिसंबर में आएगा, ड्रीम सिटी स्टेशन से डिपो तक इंटरचेंज लाइन के कार्य की गति बढ़ाई

लवकुश मिश्रा | सूरत

सूरत मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए तीन कोच वाली पहली मेट्रो ट्रेन के इस साल के अंत तक आने की संभावना है। 24 ट्रेन सेट यानी 72 कोच के दिए गए ऑर्डर के अनुसार पहली मेट्रो ट्रेन की डिलीवरी इस साल दिसंबर तक होनी है। इस ट्रेन के आने से पहले खजोद में मेंटेनेंस डिपो और एलिवेटेड लाइन का काम तेज कर दिया गया है। इस मेंटेनेंस डिपो में ट्रेन की मरम्मत, पार्किंग, शेड्यूल इंस्पेक्शन लाइन, वर्कशॉप, ओवरहालिंग, अनशेड्यूल मेंटेनेंस और व्हील प्रोफाइलिंग आदि का काम किया जाना है। लाइन-1 के सबसे पहले स्टेशन ड्रीम सिटी और उसके आगे बन रहे मेट्रो डिपो के बीच इंटरचेंज एलिवेटेड लाइन का काम चल रहा है। दरअसल ड्रीम सिटी स्टेशन पहुंचने के बाद मेट्रो ट्रेनें यहीं से इंटरचेंज मार्ग से होते हुए सीधे मेंटेनेंस डिपो तक पहुंच सकेगी। जहां मेट्रो ट्रेनों का रखरखाव हो सकेगा। ड्रीम सिटी मेट्रो स्टेशन का भी काम तेजी से चल रहा है। यहीं से डिपो के लिए इंटरचेंज मार्ग भी बन रहा है, जिससे ड़िपो से मेट्रो ट्रेनें निकलकर इंटरचेंज मार्ग से होते हुए मेन लाइन पर आएंगी और ड्रीम सिटी मेट्रो स्टेशन से अपने आगे का सफर शुरू करेंगी। गौरतलब है कि मेट्रो ट्रेनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए ड्रीम सिटी, खाजोद में मेंटेनेंस डिपो का काम भी पूरी गति से आगे बढ़ रहा है। यहां मेट्रो डिपो के सब-कंस्ट्रक्शन कार्य 100% पूरे कर लिए गए हैं। अब वॉशिंग लाइन कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही पिट लाइन, शेड आदि का काम भी हो रहा है।

दावा: मेट्रो के कोच आने से पहले इंटरचेंज लाइन और मेंटेनेंस डिपो तैयार कर देंगे



डिपो में ये सुविधाएं होंगी

- ट्रेन पार्क करने को स्टेब्लिंग लाइन
- शेड्यूल इंस्पेक्शन लाइन
- वर्कशॉप
- ट्रेन की ओवरहालिंग
- अनशेड्यूल मेंटेनेंस
- व्हील प्रोफाइलिंग

खजोद में 2.10 लाख वर्गमीटर क्षेत्र में बनाया जा रहा मेट्रो ट्रेन का मेंटेनेंस डिपो

मेट्रो ट्रेन के डिपो का कार्य खजोद में कुल 210000 वर्गमीटर क्षेत्र में किया जा रहा है। ट्रेन की मरम्मत के लिए यहां अत्याधुनिक उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसकी कुल लागत लगभग 346 करोड़ रुपए है। यहां प्रशासनिक भवन बनाने का काम भी हो रहा है। इसके अलावा सबसे अहम इंटरचेंज लाइन बनाने का भी काम चल रहा है। इसके पिलर तैयार कर लिए गए हैं। अब गर्डर लॉन्चिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मेट्रो रेल अधिकारियों का दावा है कि साल के अंत तक डिपो तक पहुंचने के लिए एलिवेटेड मार्ग तैयार कर लिया जाएगा, ताकि मेट्रो ट्रेन के सेट आएं तो दिक्कत न हो।

मेट्रो ट्रेन की पार्किंग के लिए आठ लाइंस भी तैयार की जा रही हैं

सूरत मेट्रो रेल के अधिकारियों ने बताया कि यह ड़िपो मेट्रो लाइन-1 का बनाया जा रहा है। इसमें लगभग 8 से ज्यादा पार्किंग स्टेब्लिंग लाइंस तैयार की जा रही हैं। इन लाइंस पर सूरत मेट्रो ट्रेन के रेक पार्क किए जाएंगे। इन पार्किंग लाइन को इंटरचेंज लाइन से कनेक्ट किया जाएगा, जिससे मेट्रो ट्रेनें डिपो पार्किंग लाइन निकलकर एलिवेटेड इंटरचेंज लाइन पर चढ़ेगी और फिर ड्रीम सिटी स्टेशन पर जाकर मेन लाइन से कनेक्ट होगी।

मेट्रो ट्रेन के 72 कोच के ऑर्डर दिए गए हैं

गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने टीआरएसएल (टीटागढ़ वैगन लिमिटेड) को सूरत मेट्रो के लिए तीन-तीन कोच वाले 24 ट्रेन सेट के ऑर्डर दे दिए गए हैं। पहले तीन कोच वाले मेट्रो ट्रेन सेट की डिलीवरी इस साल के अंत तक होनी है। टीआरएसएल द्वारा कुल 72 कोच की सप्लाई की जाएगी। जिसके हिसाब से 24 मेट्रो ट्रेन सेट को रोल आउट किया जाना है। यानी प्रत्येक मेट्रो ट्रेन तीन-तीन कोच की होंगी, जो स्टैंडर्ड गेज रेल पर चलने वाली होंगी। ऐसे में इन ट्रेनों को खड़ा करने और मरम्मत करने को लेकर ड्रीम सिटी डिपो का काम तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। अब डिपो के लिए एलिवेटेड इंटरचेंज मार्ग भी तैयार किया जा रहा है।